पंजाब केसरी 23/12/2025

इंडियन फार्मास्यूटिकल कांग्रेस में बोले डॉ. रोहित दत्त

'दवा के क्षेत्र में ए.आई. ला रही क्रांतिकारी बदलाव'

बेंगलुरु इंटरनैशनल कन्वैंशन सैंटर में एसोसिएशन ऑफ फार्मास्यूटिकल टीचर्स ऑफ इंडिया ने आयोजित की 74वीं इंडियन फार्मास्यूटिकल कांग्रेस

अम्बाला, 22 दिसम्बर (बलराम): अम्बाला छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के प्राचार्य एवं एसोसिएशन ऑफ फार्मास्यूटिकल टीचर्स ऑफ इंडिया के नैशनल वाइस प्रेजिडैंट (नॉर्थ) डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि दवा के क्षेत्र में ए.आई. (आर्टिफिशियल इंटैलिजैंस) क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। इंडियन फार्मास्यूटिकल कांग्रेस (आई.पी.सी.) हमेशा से नया ज्ञान साझा करने, नीति बनाने, विचार-विमर्श करने और नवाचार को बढ़ावा देने का मंच रहा है, इसलिए आई.पी.सी. को ए.आई. को उपयोगिता को लेकर रणनीति बनानी चाहिए।

प्राचार्य एवं एसोसिएशन ऑफ फार्मास्यूटिकल टीचर्स ऑफ इंडिया के नैशनल वाइस प्रेजिडैंट (नॉर्थ) डॉ. रोहित दत्त को सम्मानित करते आयोजक।

डॉ. रोहित दत्त बेंगलुरु इंटरनैशनल कन्वैंशन सैंटर में एसोसिएशन ऑफ फार्मास्यूटिकल टीचर्स ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 74वीं इंडियन फार्मास्यूटिकल कांग्रेस (आई.पी.सी.) को संबोधित कर रहे थे। इस सम्मेलन में देश-विदेश से आए वैज्ञानिकों ने 'ए.आई. और प्रौद्योगिकी' पर व्याख्यान दिया। सम्मेलन में 8000 से ज्यादा छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और रिसर्च स्कॉलर ने प्रतिभागिता की।

इंडियन फार्मास्यूटिकल कांग्रेस के संगठन सचिव दीपेंद्र सिंह ने कहा कि ए.आई. और नई तकनीकों का एकीकरण दवा खोज, रोगी देखभाल और फार्मेसी शिक्षा को बदल रहा है। यह सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है कि यह परिवर्तन सबको साथ लेकर हो, नैतिक हो और सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हो। इंडियन फार्मास्यूटिकल कांग्रेस के प्रेजिडैंट डॉ. मिलिंद उमेकर ने बताया कि इस वर्ष इंडियन फार्मास्यूटिकल कांग्रेस में इंडस्ट्रियल एक्सपो, अकादमिक एक्सपो, रोबोटिक एंड ए.आई. लर्निंग, ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट सैंटर एवं कल्चरल म्यूजिकल नाइट मुख्य आकर्षण रहे।

एलोसी के चेयरमैन हरीश जैन एवं डॉ. रमन ने इंडियन फार्मास्यूटिकल कांग्रेस के कुशल संचालन के लिए पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई दी। जोनल वाइस प्रेजिडैंट डॉ. सोहन चितलांगे, डॉ. मिहिर कार, डॉ. रमन्ना ने इंडियन फार्मास्यूटिकल कांग्रेस में शामिल हुए सभी प्रतिभागियों एवं शिक्षकों का धन्यवाद किया।